शशि रंजन, भा.प्र.से.
निदेशक, झा.रा.म.भो.प्रा.
**Shashi Ranjan, IAS**
Director, J.S.M.D.M.A.

**झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड
भूतल, एम.डी.आई. बिल्डिंग, धुर्वा, रांची - 834004
Email Id : mdmjharkhand@gmail.com

पत्रांकः– झा.रा.म.भो.प्रा. 22/2025–.....13......  दिनांक– 06/01/2026

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी**
**सभी जिला शिक्षा अधीक्षक,**
झारखण्ड।

**विषय :– प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना झारखण्ड का वेबसाईट निर्माण की सूचना एवं कार्यान्वयन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, झारखण्ड का आधिकारिक पोर्टल का शुभारंभ दिनांक–19 दिसम्बर' 2025 को सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा किया गया है।

पोर्टल/वेबसाईट निर्माण का मुख्य उद्देश्य निम्नवत् है–

i. योजना से संबंधित सभी सूचनाएँ पोर्टल के माध्यम से साझा की जा सकेगी।
ii. योजना के कार्यहित में प्राधिकरण द्वारा मांग की गई किसी भी प्रकार की जानकारी को वेबसाईट के माध्यम से संकलित किया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, झारखण्ड का आधिकारिक वेबसाईट है– **https://pmposhan.jharkhand.gov.in/**

वेबसाईट में योजना से संबंधित दस्तावेज एवं फोटो अपलोड करने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल की व्यवस्था की गई, जिसके तहत निर्धारित **User Id** एवं **Password** की सहायता से पोर्टल पर लॉगिन (LOGIN) किया जा सकता है।

**Login Credential** की विवरणी निम्नवत् है–

1. **जिला शिक्षा अधीक्षक के लिए (For DSEs)**
   User ID : जिला का नाम (**Example- RANCHI**)
   *सभी अक्षर UPPER CASE में होने चाहिए।
   Password : ***Edu@12345***
2. **प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के लिए (For BEOs)**
   User ID : जिला एवं प्रखण्ड का नाम (**Example- *RANCHI_NAMKUM***)
   *सभी अक्षर UPPER CASE में होने चाहिए।
   Password : ***Edu@12345***

3. विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक के लिए (For HMs)

User ID : विद्यालय का UDISE Code

Password : *Edu@12345*

<u>आवश्यक निदेश</u>– सभी जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को निदेश दिया जाता है कि सुरक्षा कारणों से सर्वप्रथम लॉगिन के उपरांत अपना **Password Reset** कर लें एवं इसे गोपनीय रखेंगे।

वेबसाईट खोलने, लॉगिन करने एवं अपने आई.डी. / पासवर्ड के प्रयोग से योजना से संबंधित सूचना / फोटो अपलोड कराने की विवरणी तैयार किया गया है, जो पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध करायी जा रही है।

(* उपर्युक्त कार्यों में किसी प्रकार की कोई कठिनाई होने की स्थिति में श्री अभिषेक कुमार, **मो0नं0–8669146603** एवं ई–मेल आई.डी.–pmposhanjharkhand@gmail.com के माध्यम से सम्पर्क किया जा सकता है।)

उपर्युक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि सभी संबंधित पदाधिकारी / कर्मी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, झारखण्ड का आधिकारिक पोर्टल का इस्तेमाल आवश्यक कार्यार्थ करें। साथ ही सभी जिला शिक्षा अधीक्षक विद्यालय स्तर तक पोर्टल निर्माण की सूचना एवं उपयोग हेतु निदेश निर्गत करेंगे।

**अनुलग्नक** :– कुल (6) पृष्ठ

विश्वासभाजन

06/01/26

**(शशि रंजन)**

निदेशक, झा.रा.म.भो.प्रा.

**पत्रांक**:– झा.रा.म.भो.प्रा. 22 / 2025.....13.....      **राँची, दिनांक** ..06.. / ..01.. / **2026**

**प्रतिलिपि** :– सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।


2. श्री राजेश कुमार सिंह, अवर सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को सूचनार्थ प्रेषित।

06/01/26

**(शशि रंजन)**

निदेशक, झा.रा.म.भो.प्रा.

ब्राउज़र में जाकर यह URL डालें: https://pmposhan.jharkhand.gov.in/
यह URL डालने के बाद **PMPOSHAN वेबसाइट** खुल जाएगी और आपको नीचे जैसा डैशबोर्ड दिखाई देगा।



## <u>1-: मुख्य डैशबोर्ड विंडो</u>





**<u>स्टेप 1</u>** – प्रशासक लॉगिन में जाकर सर्वप्रथम अपना पासवर्ड रीसेट करें। इसके लिए प्रशासक लॉगिन में जाकर अपनी UserID और पासवर्ड दर्ज करें तथा अपना डैशबोर्ड लॉगिन करें।

## <u>2-: लॉगिन फ़ॉर्म</u>




**<u>स्टेप 2-</u>** प्रशासक पर क्लिक करने के बाद आपको ऐसा लॉगिन फ़ॉर्म दिखाई देगा, जिसमें आपको अपनी UserID, पासवर्ड तथा कैप्चा को हल करके दर्ज करना होगा। इसके बाद Login बटन पर क्लिक करने पर आपके क्रेडेंशियल के अनुसार डैशबोर्ड खुल जाएगा।


## 3-: मुख्य डैशबोर्ड – HM




**स्टेप 4** – सर्वप्रथम Password Reset पर क्लिक करके अपना पासवर्ड रीसेट करें।

**स्टेप 3** – कृपया अपने स्कूल से संबंधित सभी जानकारी यहाँ प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर कृपया प्राधिकरण से संपर्क करें।


## 4-: Password Reset फ़ॉर्म




**स्टेप 5** – Password Reset फ़ॉर्म पर क्लिक करने पर आपको यह फ़ॉर्म दिखाई देगा।

- फ़ॉर्म में UserID डिफ़ॉल्ट रूप से आ जाएगा, इसमें आपको UserID दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है।
- इसके बाद **New Password** में अपना नया पासवर्ड दर्ज करें और वही पासवर्ड **Confirm Password** में पुनः दर्ज करें।
- **Update Password** पर क्लिक करें। इससे आपका पुराना पासवर्ड बदल जाएगा और नया पासवर्ड सेट हो जाएगा। कृपया ध्यान दें कि अपना पासवर्ड गोपनीय रखें।

**<u>5-:Upload Event/Media और View Event/Media मॉड्यूल</u>**



## 6-: कार्यक्रम एवं तिथि भोजन मॉड्यूल





**Upload Event / Media** पर क्लिक करने पर यह प्रपत्र खुलेगा।
इस प्रपत्र में विद्यालय से संबंधित सभी विवरण पहले से ही स्वतः भरे हुए होंगे।

कृपया प्रपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सभी आवश्यक जानकारी सही-सही भरें।
इस प्रपत्र के माध्यम से आप एक साथ अधिकतम **03 (तीन) फोटो** एवं **01 (एक) दस्तावेज़** अपलोड कर सकते हैं।

आपके द्वारा अपलोड किए गए सभी फोटो एवं दस्तावेज़ **सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित** किए जाएंगे।
इन्हें वेबसाइट के **मुख्य डैशबोर्ड के "कार्यक्रम" अनुभाग** में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

## 7-:चित्र एवं दस्तावेज़ अपलोड विंडो



**View Event / Media** पर क्लिक करते ही यह विंडो प्रदर्शित होगी, जिसमें आपके द्वारा अपलोड किए गए सभी फोटो एवं दस्तावेज़ देखे जा सकते हैं।कृपया फोटो एवं दस्तावेज़ अपलोड करते समय प्रपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा सभी आवश्यक विवरण सही रूप से भरें।

ध्यान रखें कि एक बार फोटो एवं दस्तावेज़ अपलोड हो जाने के पश्चात उन्हें आपके द्वारा **डिलीट (हटाया) नहीं किया जा सकता।**